Report (2017)

संस्कृत परिषद का उद्घाटन दिनाँक 28 जुलाई,2017 को किया गया। मतदान प्रणाली के माध्यम से छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष काजल पांडे , उपाध्यक्ष सृष्टि कुमारी एवं कोषाध्यक्ष के पद पर निधि यादव का निर्वाचन किया गया । परिषद की संयोजिका डॉ सरिता शर्मा घोषित की गई। अन्तरामहाविद्यालय स्तर पर 30 अगस्त, 2017 को संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत श्लोकावृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार नीतू कुमारी, द्वितीय पुरस्कार काजल पांडे एवं तृतीय पुरस्कार निधि यादव ने प्राप्त किया। 12 अक्टूबर 2017 को दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत काव्यालि प्रतियोगिता को कमला नेहरू कॉलेज में डॉ सुषमा चौधरी ने संयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में दिल्ली संस्कृत अकादमी के सचिव जीतराम भट्ट उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कमला नेहरू कॉलेज की प्राचार्या डॉ कल्पना भाकुनी जी एवं श्रीजीतराम भट्ट के द्वारा किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में दिल्ली विश्वविद्यालय के सात महाविद्यालयों के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। कमला नेहरू महाविद्यालय को चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त हुआ। 27 एवं 28 नवंबर, 2017 को राष्ट्रीय संस्कृत प्राविधिक कार्यशाला संस्कृत विभाग के द्वारा किया गया। संयोजिका डॉ सरिता शर्मा, मँच सज्जा डॉ सुषमा चौधरी एवं डॉ अनिल कुमार, पंजीकरण डॉ कमलेश रानी एवं डॉ अंकुर त्यागी ने किया। जलपान व्यवस्था डॉ मैत्रेयी कुमारी ने की। बैनर, पोस्टर तथा प्रमाण पत्र निर्माण एवं वितरण में डॉ अनिल कुमार ने विशेष योगदान दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ कल्पना भाकुनी ने की। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय में संस्कृत की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शारदा शर्मा थीं। द्विदिवसीया कार्यशाला का संचालन राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, के जे सोमैया परिसर, मुम्बई के प्रोफेसर मदन मोहन झा ने किया। संस्कृत भाषा शिक्षण एवं अनुसंधान में संगणक की भूमिका तथा प्रयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। संगणक विकिपीडिया पृष्ठ निर्माण, ब्लॉग लेखन, यूट्यूब में संस्कृत विषयक सामग्री का निर्माण एवं प्रयोग, संस्कृत शब्दकोश सम्बंधित ऐप का प्रयोग, माइक्रोसॉफ्ट पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के तकनीकी पक्ष इत्यादि विषयों पर देश के विभिन्न कोने से आए हुए शोधार्थी एवं अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में सात राज्यों से आये हुए 75 प्राध्यापकों एवं शोधकर्ताओं ने भाग लिया। 22 जनवरी,2018 को दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित सरस्वती वंदना संबंधित श्लोकवृत्ति प्रतियोगिता में कमला नेहरू महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। श्लोकवृत्ति की तैयारी डॉ सरिता शर्मा ने करवाई थी। आगामी प्रश्नमंच प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम भाग लेगी जिसकी तैयारी डॉ मैत्रेयी कुमारी एवं डॉ कमलेश रानी करवाएंगी।इन प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त विभाग की छात्राओं ने व्यक्तिगत स्तर पर अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। विभाग के द्वारा एक शोध-संगोष्ठी एवं संस्कृत संभाषण कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। विभागीय गतिविधियों के साथ साथ सभी प्राध्यापिकायें व्यावसायिक स्तर पर भी अनेक अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में पत्र वाचन एवं लब्धप्रतिष्ठ जर्नल्स में प्रकाशित शोधपत्रों की लेखिका हैं। डॉ मैत्रेयी कुमारी की पुस्तक, "आधुनिक संस्कृत साहित्य " का पुनर्मुद्रित संस्करण 2017 में प्रकाशित हुआ। डॉ सरिता शर्मा द्वारा सहसम्पादित पुस्तक, "Ecocriticism and Environment: Rethinking Literature and Culture" पर अमेरिकी कॉन्सुलेट जनरल, कोलकाता द्वारा 29दिसम्बर,2017 को परिचर्चा

आयोजित की गई। डॉ सरिता शर्मा की अन्य पुस्तक, "कौटिल्य अर्थशास्त्र में शिक्षा की संकल्पना" 2018 में विभाग की नूतन उपलब्धि है। डॉ अनिल कुमार ने अपना शोधप्रबंध "भारतीय दर्शन में सूक्ष्मशरीर का पर्यालोचन " पर प्रस्तुत कर डॉ की उपाधि ग्रहण की। डॉ शिव कुमार का शोधप्रबन्ध, ""आरण्यकों में प्रतिबिम्बित समाज एवं आधुनिक परिप्रेक्ष्य "" विषय पर आगामी कुछ दिनों में प्रस्तुत किया जाएगा।